आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :295 पृष्ठ -4 दिनांक 23 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार

# यूपी में CM योगी के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान पर सियासत तेज, अब डिंपल यादव ने दी प्रतिक्रिया

## सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा युवा पीढ़ी रोजगार चाहती है, महिलाएं, लड़कियां और बहनें सुरक्षा चाहती हैं.

उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और बीजेपी पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी हैं. वहीं इस समय पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटोंगे तो कटोगे वाले बयान पर सियासत तेज हैं. सीएम योगी के इस बयान पर अब समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आई है.मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल यादव ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का "बटोंगे तो कटोगे" बयान लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है. मैनपुरी में संवाददाताओं से बातचीत में डिंपल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि "बटोंगे तो कटोगे" जैसे



बयान लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हैं और भविष्य में भी ऐसे बयान आएंगे. उन्होंने कहा, "युवा पीढ़ी रोजगार चाहती है, महिलाएं, लड़कियां और बहनें सुरक्षा चाहती हैं. किसान उर्वरक चाहते हैं. इस तरह के बयानों का मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा. यह लोगों को बांटने की इस सरकार की नकारात्मक सोच है." एक सवाल के जवाब में उन्हा. ने कहा कि भा. जपा ने लोकसभा चुनावों में भी सभी सीटें जीतने का दावा किया था, लेकिन जो हुआ, वह सबके सामने है.क्या बोले सपा मुखिया अखिलेश यादववहीं सीएम योगी के इस बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको कंफ्यूज नहीं होना है, क्योंकि

**यह नारा एक लैब में तैयार किया गया है और उन्हें किसी से बुलवाना था. इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बेहतर इस नारे को कौन बोलता, क्योंकि उनकी छवि भी वैसी ही है. अगर वह कह रहे हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे. इसलिए पीडीए परिवार भी नहीं बंटेगा। वह नारा आपके लिए लगा रहे हैं कि पीडीए परिवार के लोग बंटना मत.**

## पाकिस्तान से जौनपुर आएगी दुल्हन



भारत और पाकिस्तान के मध्य तनावपूर्ण स्थिति के बीच जौनपुर के रहने वाले अब्बास हैदर का निकाह पाकिस्तान के लाहौर में रह रही अंदलीप जहरा से ऑनलाइन संपन्न कराया गया. अब इस बात का इंतजार है कि लाहौर की रहने वाली दुल्हन को वीजा कब प्राप्त होगा, जिसके बाद वह अपने ससुराल भारत के लिए रवाना होगी. फिलहाल इस्लाम धर्म के सभी रीतिरिवाज केअनुसार ऑनलाइन संपन्न हुए इस निकाह की चर्चा सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में भी है. जौनपुर के निवासी तहसीन शाहिद ने 1 साल पहले अपने बड़े बेटे मोहम्मद अब्बास हैदर की शादी पाकिस्तान स्थित लाहौर में रहने वाले एक रिश्तेदार की बेटी से तय कर दिया गया. जहां लड़की का नाम अंदलीप जहरा है. इसके अलावा तहसीन शाहिद भारतीय जनता पार्टी से भी जुड़े हैं. पाकिस्तान में रहने वाले लड़की के परिवार द्वारा लगातार वीजा के लिए प्रयास किया जा रहा था लेकिन वीजा में विलंब होने के बीच ही लड़की के मां की तबीयत अचानक खराब हो गई. हालत ज्यादा बिगड़ते देख मां को अस्पताल में भर्ती कराया गया.

परिस्थितियों को देखते हुए दोनों परिवार ने आपसी रजामंदगी के साथ ऑनलाइन निकाह कराने का फैसला लिया.निकाह के निर्धारित दिन उत्तर प्रदेश के जौनपुर में लड़के के घर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए. इसके अलावा पाकिस्तान के लाहौर में दुल्हन के घर भी रिश्तेदारों का जमावड़ा लगा. ऑनलाइन व्यवस्था की मदद से स्क्रिन पर दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे से रूबरू हुए. इस्लाम के पूरी परंपरागत तरीके से मौलाना ने निकाह को संपन्न कराया. निकाह पूरा होने के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मुबारक. बाद भी दी. ऐसे में अब लड़की पक्ष की उम्मीदें इस बात पर टिकी हुई है कि जल्द से जल्द वीजा की अनुमति प्राप्त हो जिसके बाद दुल्हन को भारत के लिए रवाना किया जाए बता दें कि इस शादी कावीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था.

## अयोध्या दीपोत्सव कार्यक्रम पर बनेंगे दो विश्व रिकॉर्ड, रामनगरी मेंदिखेगी त्रेता युग की झलक



यूपी सरकार अयोध्या में साल 2017 से लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है. अयोध्या में हर साल अपने पिछले रिकार्ड को तोड़कर भाजपा दीपक जलाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाती है. इस बार 28 से 30 अक्टूबर तक दीपोत्सव का कार्यक्रम अयोध्या में होने जा रहा है जिसमें भा. जपा अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस बार 25 लाख दिए जलाकर एक नया रिकार्ड बनाने की तैयारी में जुट गई है. इस दीपोत्सव के जरिए यूपी सरकार त्रेता युग को जीवंत करने का प्रयास कर रही है.28 अक्टूबर से शुरू होने वाला कार्यक्रम 30 तक चलेगा 30 अक्टूबर को इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्रिमंडल के लोग मौजूद रहेंगे. इस दौरान वहां 25 लाख दीये जलाने के साथ ही 1100 विद्वान पंडित एक साथ सरयू मांउत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने एबीपी लाइव से बातचीत में कहा कि उन्होंने इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं और उन्होंने कहा है कि दीपोत्सव का जो यह आठवां संस्करण हो रहा है इसको सफल बनाने के लिए कोई कमी ना छोड़ी जाए, पूरी मेहनत की जाए. उन्होंने बताया कि इसके साथ थी दीपोत्सव में अयोध्या के अलग–अलग स्थान पर रामायण के प्रसंग पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हो रहा है.

500 से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुतिमंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस बार भी अलग–अलग देशों से 500 से अधिक कलाकार अपनी–अपनी प्रस्तुति देंगे. इसमेंमलेशिया,थाईलैंड, इंडोनेशिया, म्यांमार, कंबोडिया और नेपाल से अलग–अलग कलाकार आ रहे हैं. इसके साथ ही उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य राज्यों से भी कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए आ रहे. संस्कृति विभाग ने इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली है और सभी कलाकारों के लिए आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित मंच तैयार किया जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि अयोध्या में 10 बड़े संस्कृत मंचों के जरिए नई तकनीक के माध्यम से त्रेतायुग की झलकियां इस बार दिखाई जाएगी. वहीं 30 तारीख को राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक करेंगे.

## लॉरेंस की अगली लिस्ट में राहुल गांधी और ओवैसी का नाम! जान से मारने की धमकी



बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद देश में एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई का नाम चर्चा में है. इस बीच कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी को फेसबुक पर जान से मारने की धमकी दी गई है. सोशल मीडिया पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की फोटो के साथ धमकी दी गई है.एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर वाराणसी के सिगरा थाने में शिकायत दर्जा कराई है. एनएसयूआई ने सोशल मीडिया यूजर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है. इस पोस्ट में राहुल गांधी के साथ–साथ इसी पोस्ट में राहुल गांधी के साथ–साथ एआईएमआई (।प्डप्ड) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के लिए भी ऐसी बात कही गई है.राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी एनएसयूआई से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषभ पांडे ने एबीपी न्यूज को बताया, बुद्धादित्य मोहंती नामक एक यूजर ने सोशल मीडिया पर वायनाड के सांसद राहुल गांधी को लेकर एक पोस्ट किया गया है, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है. इसके साथ ही पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई के फोटो के साथ–साथ उसका महिमा मंडन किया गया है.एनएसयूआई ने कहा, षराहुल गांधी हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं, संविधान की रक्षा की बात कर रहे हैं और इस स्थिति में वह देश की सबसे बड़ी उम्मीद है. हम उनके खिलाफ ऐसी सोच को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे. हमारी मांग है कि इस आपराधिक सोच वाली मानसिकता के व्यक्ति पर जल्द थ्प्त दर्ज किया जाए. षपोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई का जिक्रकांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर किए गए इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई का भी जिक्र है. हालांकि यह भी माना जा रहा है कि किसी शरारती तत्व ने चर्चा में बने रहने के लिए राजनेताओं को लेकर ऐसा पोस्ट किया गया है. फिलहाल इस मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की ओर से नाराजगी जताई है.

## हर महीने मिलेंगे 5 हजार रूपये, दिव्यांगजनों के लिए दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला

दिल्ली सरकार ने दिव्यांगजनों को हर महीने 5000 रुपये पेंशन देने की घोषणा की है. इसी के साथ दिल्ली पूरे देश में दिव्यांगजनों को हर महीने इतनी राशि देने वाला देश का इकलौता राज्य बन गया है. दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने दिव्यांगजनों को ज्यादा से ज्यादा मदद करने का फैसला किया है. जिन लोगों की 60 फीसद से ज्यादा डिसएबिलिटी डॉक्टर द्वारा सत्यापित होगी, वह हर महीने पांच हजार रुपये पेंशन के लिए लाभार्थी बन सकते हैं. दिल्ली सरकार इस समय करीब 1 लाख 20 हजार लोगों को पेंशन दे रही है. उनका मेडिकल सर्टिफिकेट और यूडीआ. ईडी कार्ड बनता है. सरकार बहुत जल्द रजिस्ट्रेशन शुरू करेगी, संबंधित विभागों को यह स्कीम तुंरत प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं.दिल्ली में 1.20 लाख दिग्वायजनों को मिलती है पेंशनदिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2011 के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की 15 फीसद आबादी किसी न किसी रूप में दिव्यांगता का सामना कर रही है. इनमें से लगभग 2 से 4 फीसद लोग ऐसे हैं, जिनकी दिव्यांगता अत्यधिक होती है और वे 'हाई स्पेशल नीड्स' की श्रेणी में आते हैं. मतगणना के अनुसार, दिल्ली में करीब 2,34,882 लोग दिव्यांग हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, इनमें से लगभग 9500 से 10 हजार लोग ऐसे हैं, जिन्हें 'पर्सन विद हाई स्पेशल नीड्स' कहा जा सकता है. इस समय दिल्ली सरकार 1,20,000 दिव्यांगजनों को पेंशन देती है, जिनकी दिव्यांगता 42 प्रतिशत से अधिक है. उनका मेडिकल सर्टिफिकेट और यूडीआईडी कार्ड बनता है, जिससे उन्हें पेंशन का अधिकार मिलता है.

तत्काल रूप से लागू होगी योजनासौरभ भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कई लोग हैं जिन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता है और सरकार को उनकी अतिरिक्त मदद करनी चाहिए. पूरे देश में केंद्र सरकार का 'राइट्स ऑफ पर्सन विद डिसएबि. लिटीज एक्ट 2016' लागू है, लेकिन तमिलनाडु एकमात्र राज्य है जो श्पर्सन विद हाई नीड्सश को 1000 रुपये मासिक सहायता प्रदान कर रहा है.सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सोमवार को दिल्ली सरकार की कैबिनेट मीटिंग में यह प्रस्ताव पास हुआ है कि दिल्ली सरकार श्पर्सन विद हाई नीड्सश को 5000 रुपये प्रति माह सहायता देगी. सरकार जल्द ही इन लोगों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करेगी. जिन लोगों की 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता डॉक्टर द्वारा प्रमाणित होगी, वे इस पेंशन योजना के पात्र होंगे. इस योजना को तुरंत प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी पर साधा निशानासौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार देश की पहली सरकार होगी जो दिव्यांगजनों के लिए इतनी बड़ी वित्तीय सहायता प्रदान करेगी. भाजपा जो दावा करती है कि दिल्ली सरकार घाटे में है, उसके 22 राज्यों की सरकारों में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे इन लोगों के लिए कुछ कर सकें. सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह दिल्ली की चुनी हुई सरकार है, जो भाजपा की हर साजिश के बावजूद लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है. यह ईमानदारी का खजाना है, जिसमें रोज बढ़ोतरी होती है. इसमें घाटा नहीं होता, सिर्फ फायदा होता है.

## बदायूं शहर से बड़ा मामला सामने आया शहर में घर के अंदर पकड़ा गया देह व्यापार का धंधा

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र मढ़ई चौक पर देह व्यापार का धंधा पकड़ा गया। बजरंग सेना के मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही मौके से एक लड़की भाग गई। पुलिस ने लड़की को लेकर आने वाले मकान मालिक और एक युवक को मौके से पकड़ा है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है। शहर की सबसे घनी बस्ती मढ़ई चौक पर एक घर के अंदर काफी समय से देह व्यापार चल रहा था। मकान मालिक शहर के अलावा बाहर से भी इस धंधे में सम्मिलित लड़कियों को बुलाता था। वहां पूरे दिन शहर और आसपास के लड़कों को बुलाकर धंधा कराया जाता था। मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे बजरंग सेना मंडल अध्यक्ष विशाल ठाकुर को इस जिस्म फरौसी के धंधे की सूचना मिली। सूचना मिलते ही विशाल ठाकुर पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। दरवाजा खुलवाने पर लड़की मौका पाते ही भाग गई। घर में मौजूद दोनों युवकों ने भी भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उनको पकड़ लिया।



पुलिस की पूछताछ में लड़की का सौदा करने आए युवक ने अपना नाम अब्बास खान निवासी जामा मस्जिद थाना सदर कोतवाली और धंधा कराने वाले ने अपना नाम श्याम नारायण निवासी मढ़ई चौक बताया। इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को कोतवाली ले गई। घर के दरवाजे पर ॐ और छत पर लगा था भगवान श्रीराम का झण्डाजिस्म फिरौसी का धंधा जिस घर में चल रहा था उसके दरवाजे पर ॐ और छत पर भगवान श्रीराम का झण्डा लगा है। मामले का खुलासा होने के बाद आसपास के लोगों का कहना है कि इस घर में ज्यादातर दूसरे समुदाय के युवक बुलाए जाते थे और उन्हें मनपसंद लड़कियां मुहैया कराई जाती थीं। इस संबंध में कोतवाल राकेश कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हिमांशु उपाध्याय की खबर

# दिवाली से पहले सोने-चांदी ने तोड़े रिकॉर्ड, खरीददारों का जोश हाई

## सोना 80 हजार 900 रूपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है, चांदी एक लाख एक हजार रूपये प्रति किलो हो गई



मेरठ दीपावली से पहले सोना और चांदी के दाम आ. समान पर पहुंच गए हैं. ऐसा पहली बार हुआ है कि सोना और चांदी दोनों ही अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर हैं. दिवाली से पहले खरीददारों के लिए परेशान करने वाली बात है. इस महंगाई का मेरठ के सर्राफा बाजार पर और खास तौर से हाथ की ज्वैलरी के मामले में एशिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजार पर भी असर पड़ा है. सर्राफा कारोबारियों की भाषा में कहा जाता है कि सोना और चांदी साथ–साथ चलते हैं. यानी सोने के दाम बढ़ते हैं चांदी के दाम भी बढ़ ही जाते हैं. सोना 80 हजार 900 रूपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है, जबकि चांदी एक लाख एक हजार रूपये प्रति किलो हो गई है. सबसे बड़ी बात ये है कि सोना पहली बार 80 को पार करके आगे बढ़ रहा है और चांदी भी पहली बार एक लाख एक हजार तक पहुंची है. दीपावली से पहले सोना और चांदी की इस चमक की चर्चा हर तरफ चल रही है.चांदी बाजार में जमकर हो रही खरीददारी चांदी का दाम अपने उच्चतम स्तर पर है. बावजूद इसके चांदी के न तो ग्राहक कम हैं और न चांदी कम बिक रही है. दीपावली का त्यौहार है और ऐसे में चांदी की चमक बरक. रार है. मेरठ के शहर सर्राफा बाजार में चांदी की चमक और खनक ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है. कोई भगवान श्री लक्ष्मी–गणेश जी खरी. दने आया है तो कोई चांदी का सिक्कों की ख़रीददारी कर रहा है. चांदी के बड़े कारोबारी प्रदीप अरोड़ा का कहना है कि मिडिल ईस्ट में जंग की वजह से चांदी के दाम बढ़े हैं, लेकिन चांदी के मार्केट पर इसका कोई असर नहीं है. चांदी के लक्ष्मी गणेश ख़रीदने आई एक एक महिला मधु ने बताया कि चांदी महंगी है लेकिन कोई बात नहीं दीपावली का त्यौहार है और पूजा तो करनी है. दाम सुनकर थोड़ा लगा लेकिन जब ख़रीदना है तो कोई नहीं. सोने के दाम सुनकर चौक रहे लोग हाथ से ज्वैलरी के मामले में मेरठ का शहर सर्राफा बाजार एशिया का नंबर वन का मार्केट है. यहां मेरठ के आ. सपास नहीं, बल्कि दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान से भी लोग सोने के जेवर खरीदने आते हैं. सोना 80 हजार 900 रुपए प्रति 10 ग्राम का दाम सुनकर महिलाएं चौक रही हैं. सोना क्यों महंगा हुआ है इस पर सर्राफा कारोबारी रवि प्रकाश अग्रवाल का कहना है कि सोने का दाम बढ़ने का कोई लोकल या नेशनल रीजन नहीं है, बल्कि इंटरनेशन रीजन से सोना बढ़ता है. मेरठ के शहर सर्राफा बाजार में दिल्ली से आई सीमा और सुशीला सोने के जेवर खरीदने आई हैं क्योंकि यहां के डिजाइन उन्हें पसंद हैं. जब उन्हें सोने के रेट पता लगे तो वो भी हैरान रह गईं. उन्होंने कहा कि घर में शादी है तो सोना तो ख़रीदना है लेकिन दाम ज्यादा है अब कम ही ख़रीदेंगे.

## कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद में आज बेहद अहम दिन, मुस्लिम पक्ष की रीकाल अर्जी पर आएगा फैसला



मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की रीकाल अर्जी पर इलाहाबाद हा. ईकोर्ट आज अपना फैसला सुनाएगा. जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच का फैसला दोपहर 3रू50 पर आएगा. शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल की गई सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ किए जाने के आदेश को चुनौती दी है और अदालत से यह आदेश वापस लिए जाने की गुहार लगाई है.आज के फैसले में अदालत को यह तय करना है कि हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल की गई तकरीबन डेढ़ दर्जन याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की जाएगी या नहीं. मथुरा के मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर हा. ईकोर्ट से आज आने वाला फैसला बेहद अहम होगा. हाईकोर्ट अगर मुस्लिम पक्ष की अर्जी को मंजूर कर लेता है तो मुकदमों का ट्रायल भी प्रभावित हो सकता है.शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से हाईकोर्ट में पिछले दिनों अर्जी दाखिल कर इसी साल 11 जनवरी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें अदालत ने हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल किए गए सभी मुकदमों को एक साथ क्लब कर सुनवाई किए जाने का फैसला दिया था. मस्जिद कमेटी की तरफ से कहा गया कि सभी मुकदमों में अलग–अलग मांग की गई है, इसलिए इन्हें एक साथ नहीं सुना जाना चाहिए. मुकदमों की सुनवाई एक साथ होने से उनका सभी मामलों में विरोध का अधिकार खत्म हो जाएगा. शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से कोर्ट में यह भी दलील दी गई थी कि मुकदमों की पोषणीयता तय होने से पहले ही उन्हें कंसोलिडेटेड यानी एक साथ नहीं सुना जा सकता. मुकदमों की पोषणीयता के बिंदु पर हाई कोर्ट का फैसला एक अगस्त को आया था, जिसमें मुस्लिम पक्ष की आपत्ति को खारिज करते हुए हिंदू पक्ष के मुकदमों का ट्रायल शुरू किए जाने का आदेश दिया गया था. जबकि हाईकोर्ट ने पंद्रह मुकदमों की सुनवाई एक साथ किए जाने का आदेश 11 जनवरी को ही जारी कर दिया था.हंदू पक्ष ने रीकॉल अर्जी का किया था विरोधहिंदू पक्ष की तरफ से कोर्ट में शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की रीकॉल अर्जी का विरोध किया गया था. कहा गया कि सभी मुकदमों में मुख्य रूप से एक ही मांग की गई है. हर मुकदमे में यही कहा गया है कि मौजूदा समय में जिस जगह शाही ईदगाह मस्जिद है, वह जगह पहले भगवान श्री कृष्ण के जन्म स्थान का हिस्सा हुआ करता था. मंदिर को तोड़कर वहां पर मस्जिद बनाई गई थी. ऐसे में विवादित जगह एक बार फिर से हिंदुओं को सौंप कर उन्हें वहां पूजा का अधिकार दिया जाए.16 अक्टूबर को रिजर्व किया था जजमेंटअगर शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की री काल अर्जी को इलाहाबाद हाईकोर्ट खारिज कर देता है तो मुकदमों के ट्रायल का रास्ता साफ हो जाएगा. ट्रायल शुरू होने से पहले अदालत सभी पक्षों से वाद बिंदुओं को लेकर सुझाव मांगेगा. रीकाल अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 16 अक्टूबर को अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया था.

## दिल्ली के किशनगढ़ में फ्लैट में लगी आग, एक शख्स की मौत



दिल्ली के किशनगढ़ के नंद लाल भवन में 2 कमरों वाले फ्लैट में बुधवार को आग लग गई. इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है. मौके पर 2 दमकल गाड़ियां और 3 पीसीआर वैन पहुंची हैं. सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया है. शुरुआती जांच में पता चला कि सिलेंडर में आग लगने की वजह से धमाका हुआ है, जिससे घर की चौथी मंजिल पर बने कमरे में आग लग गई और एक व्यक्ति की मौत के अलावा तीन लोग घायल भी हो गए.बताया जा रहा है कि दिल्ली के वसंत कुंज थाना इलाके के किशनगढ़ में देर रात करीब तीन बजे मकान में अचानक आग लग गई. सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड़ की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिन्होंने आग पर काबू पाया. आग लगने के दौरान घर के अंदर धमाका भी हुई जिससे चार लोग घायल हो गए. उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां 35 वर्षीय आकाश मंडल की मौत हो गई. वहीं तीन अन्य घायलों का इलाज जारी है. इसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है. वहीं पूछताछ में यह भी पता चला है कि लक्ष्मी एस. मंडल का पांच सदस्यीय परिवार फ्लैट में किराए पर रह रहा था. पुलिस आग की वजह का पता लगा रही है. शुरुआती जांच में सिलेंडर लीक होना सामने आया है.भोलानाथ इलाके में दो लोगों की हुई थी मौत कुछ दिन पहले पूर्वी दिल्ली के भोलानाथ इलाके से भी आग लगने की घटना सामने आई थी. एक मकान की तीसरी और चौथी मंजिल पर आग लगने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी. मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने किसी तरह दो बच्चों को बचाया था. इसके अलावा हादसे में मां शिल्पी और बेटे प्रणव की मौत हो गई थी. इसके अलावा चार लोग घायल हो गए थे.

## लखनऊ में लगे अखिलेश यादव के पोस्टर्स की चर्चा, बर्थ-डे पर नए अवतार में दिखे सपा अध्यक्ष

लखनऊ समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर यूपी की राजधानी लखनऊ में होर्डिंग्स लगाए गए हैं। यह होर्डिंग्स चर्चा का विषय बने हैं। एक होर्डिंग्स सपा कार्यालय के पास और दूसरा अखिलेश यादव के घर के पास लगा है। समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सपा सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को बधाई देने के लिए पोस्टर लगाए हैं। लखनऊ में पार्टी कार्यालय के पास लगा पोस्टर काफी अलग है। पोस्टर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की तस्वीर और श्सत्ताइयों का सत्ताधीशश लिखा हुआ है। समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लगाए गए होर्. डिंग्स ने राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। इन होर्डिंग्स में अखिलेश यादव को 2027 का सत्ताधीश के रूप में दिखाया गया है। पोस्टर में लिखा है कि




2024 में बरसा जनता का आशीष, दीवारों पर लिखा है सत्ताईस का सत्ताधीश कौन होगा इस पोस्टर में अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई संस्कृत में भी दी गई है। लिखा है कि ष्त्वं जीव शतं वर्धमानः जीवनं तव भवतु सार्थकम् इति सर्वदा मुदं प्रार्थयामहे जन्मदिवसस्य अभिनन्दनानि इससे पहले भी सपा नेताओं ने कई बार पोस्टर लगाए हैं। इससे पहले भी एक पोस्टर चर्चा में आया था, जिसमें अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताया गया था। पोस्टर लिखा था कि देश के भावी प्रधानमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं, आप हैं..विश्वास है..।

बताया जा रहा है कि जयराम पांडेय नाम के नेता ने यह पोस्टर लगाई हैं। यह संतकबीरनगर के मेंहदावल विधानसभा इलाके के रहने वाले हैं। इन पोस्टर्स ने राजनीतिक चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है।

### यूपी में सरकारी कर्मचारियों को योगी सरकार का दिवाली गिफ्ट, बोनस देने के फैसले को मंजूरी

यूपी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा देते हुए बोनस देने के फैसले को मंजूरी दी है। इससे लाखों कर्मचारियों को लाभ होगा।

यूपी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा दिया है। सरकार ने कर्मचारियों को बोनस देने के फैसले को मंजूरी दे दी है।इस संबंध में लिए गए निर्णय को एक्स पर जारी करते हुए कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के समस्त पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त



शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023–2024 के लिए बोनस प्रदान करने का सहर्ष निर्णय लिया है।

## दिल्ली के इन इलाकों में इतने घंटे तक नहीं होगी वाटर सप्लाई, सावधानी से खर्च करें पानी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रखरखाव के कार्य के दौरान शुक्रवार (25 अक्तूबर) को कुछ हिस्सों में 12 घंटे तक जलापूर्ति ठप रहेगी. दिल्ली जल बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी. मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, जलापूर्ति बाधित होने से इंद्रपुरी, मायापुरी, टोडा पुर गांव, दशघरा, सी–ब्लॉक जेजेआर, नारायणा गांव, नारायणा विहार, कृषि कुंज, मानसरोवर गार्डन, रमेश नगर, एमईएस और कीर्ति नगर भूमिगत जलाशय (यूजीआर) के कमान क्षेत्र, एचएमपी कॉलोनी प्रभावित क्षेत्र रहेंगे.बयान में कहा गया है कि नारायणा मेन में राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के पिलर संख्या–415 के पास 800 मिलीमीटर व्यास वाली नई बिछाई गई लूप लाइन को जोड़ने से संबंधित काम की वजह से 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक 12 घंटे के लिए इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी या फिर कम दबाव के साथ ही उपलब्ध हो सकेगी.पहले ही स्टोर कर लें पानी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने लोगों को अपनी आवश्यकता के अनुसार पहले से पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण करने और आपूर्ति बंद रहने के दौरान जरूरत होने पर ही पानी का उपयोग करने की सलाह दी है. बयान के अनुसार, डीजेबी हेल्पलाइन या केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से मांग पर पानी के टैंकर उपलब्ध होंगे.सितंबर की शुरुआत से दिल्ली जल बोर्ड राष्ट्रीय राजधानी में रखरखाव का काम कर रहा है, जिससे समय–समय पर पानी की आपूर्ति में दिक्कतें आती रहती हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, डीजेबी ने यह भी घोषणा की कि सोनिया विहार WTP के रखरखाव के कारण दक्षिण दिल्ली में 23 अक्टूबर की शाम से अगली सुबह तक पानी की आपूर्ति नहीं होगी. कैलाश नगर, सराय काले खां, जल विहार, लाजपत नगर, मूलचंद, जीके क्षेत्र, वसंत कुंज कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनके प्रभावित होने की संभावना है

# 20 दिन कमरे में रखा, बनाए संबंध, किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल की कैद



अलीगढ़ के थाना चंडौस क्षेत्र में दो साल पहले किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है, जिसमें से 10 हजार रुपये पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए कहा है। यह फैसला एडीजे पॉक्सो द्वितीय प्रदीप कुमार राम की अदालत ने सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक रघुवंश शर्मा ने बताया कि घटना 16 जनवरी 2022 को हुई थी। चंडौस क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने तहरीर देकर कहा था कि देर रात उनकी बेटी को मोहल्ला निवासी राहुल बहला–फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।किशोरी के बयान दर्ज किए गए। किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे मुंबई लेकर गया था। 20 दिन तक उसे किराए पर कमरा लेकर रखा, जहां संबंध बनाए। इस आधार पर उसके खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने सत्र परीक्षण, साक्ष्य व गवाही के आधार पर राहुल को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है।

## अलीगढ़ ब्रेकिंगरू टोल प्लाजा पर ट्रक से 26 पेटी शराब चोरी

अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के टोल प्लाजा पर शराब की 26 पेटियां चोरी हो गईं। ट्रक चालक, जो अलीगढ़ से देवरिया शराब लेकर जा रहा था, ने टोल प्लाजा पर रुकने के बाद गाड़ी की त्रिपाल कटी पाई। यह शराब ऑफिसर चॉइस ब्रांड की थी। घटना की जानकारी शराब मालिक और पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर प्राप्त की। फिलहाल पुलिस आस–पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

## 71-खैर विधानसभा उपनिर्वाचन के अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के लिए खोलें अलग बैंक खाता

अलीगढ़ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा 71–खैर विधानसभा उप निर्वाचन के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने का प्राविधान किया गया है।डीईओ विशाख जी0 ने अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व और प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मीनू राणा को निर्देशित किया है कि आयोग के उक्त दिशा निर्देशों को समस्त राजनैतिक दलों वनिर्वाचन अभ्यर्थियों को सम्बन्धित अधिकारियों व जिलास्तरीय बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

### ग्रामोद्योग कार्यालय के संचालन के . लिए भवन की आवश्यकता

अलीगढ़ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय,अलीगढ के प्रयोगार्थ किराये पर भवन की आवश्यकता है, जिसमें अधिकारी कक्ष के लिए दो एवं कर्मच. ारियों के लिए तीन कमरे एक स्टोर, लैट्रिन, बाथरूम व पार्किंग के लिए खुली जगह की आवश्यकता है, जिसका किराया शासनादेश के अनुसार भवन का कारपैट एरिया सर्किल दर पर औचित्य प्रमाण पत्र के अनुसार देय होगा। इच्छुक भवन स्वामी भवन स्वामी नक्शा, पता सहित कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड,569–एच–80–4, त्रिमूर्तिनगर, पुलिस गैसगोदाम के पास,बरौला बाईपास, में अपना आवेदन प्रस्तुत करें एवं दूरभाष नम्बर 7408410755 एवं 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते है।

# अलीगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर बनेंगे सात इंटरचेंज, आवागमन में होगी आसानी

अलीगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर सात इंटरचेंज बनाए जाएंगे। इससे वाहन चालकों को आवागमन में आसानी रहेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) आगरा खंड की टीम मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह से एक्सप्रेसवे का निर्माण चालू करेगी। यह कार्य दो साल में पूरा होगा। 3,200 करोड़ रुपये से 65 किमी लंबा एक्सप्रेसवे बनेगा। इससे आगरा से अलीगढ़ पहुंचने में एक घंटे का समय लगेगा। अभी दो से ढाई घंटे का समय लगता है। जिले और प्रदेश का पहला एक्सप्रेसवे यमुना एक्सप्रेसवे था। दूसरा लखनऊ और तीसरा ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनने जा रहा है। चौथा अलीगढ़ एक्सप्रेसवे होगा। यमुना एक्सप्रेसवे स्थित खंदौली टोल प्लाजा के पास से असरोई हाथरस होते हुए अलीगढ़ नेशनल हाईवे–91 तक बनेगा। यह चार लेन का होगा। इसके लिए 390 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण अंतिम चरण में है। आगरा में 29 हेक्टेयर भूमि ली जा रही है। इसमें खंदौली, रामनगर,
मुलूपुर, पैंतखेड़ा गांव शामिल हैं। एनएचएआइ आगरा खंड के परियोजना निदेशक संजय वर्मा ने बताया कि तीनों जिलों में सात इंटरचेंज बनाए जाएंगे। आगरा में दो इंटरचेंज होंगे। हाथरस में कलक्ट्रेट के पास एक इंटरचेंज बनेगा। एक्सप्रेसवे दो खंड में बन रहा है। पहला खंड अलीगढ़ स्थित नेशनल हाईवे–91 से लेकर असरोई हाथरस तक 28 किमी लंबा हा. `गा। हाथरस से खंदौली आगरा तक दूसरा खंड 37 किमी लंबा होगा। दोनों खंड का निर्माण 3,200 करोड़ रुपये से होगा। मार्च के अंतिम सप्ताह से एक्सप्रे. सवे का निर्माण शुरू होगा।

## नुमाइश मैदान में कल से सजेगा पटाखा बाजार

दीपावली को लेकर नुमाइश मैदान में बृहस्पतिवार से आतिशबाजी बाजार सज. `गा। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में दुकान सजाने के लिए दुकानदार लाइसेंस एवं दुकानों का आवंटन पाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। 24 अक्तूबर से दो नवंबर तक नुमाइश मैदान में आतिशबाजी बाजार सजेगा। आतिशबाजी बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस पाने के लिए अब तक 300 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जिन्हें पुलिस, फायर आदि विभागों के अनापत्ति पत्र एवं जांच के लिए भेजा गया है। लाइसेंस आदि की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुकानों का आवंटन किया जाएगा। बाजार में अप्रिय घटना से बचाव के लिए जगह–जगह पानी से भरे ड्रम और बालू से भरे बोरे रखवाए जाएंगे। यहां दमकल की गाड़ी भी तैनात होगी। वाहन पार्किंग के बाद ही ग्राहक आतिशबाजी बाजार में जा सकेंगे। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि आतिशबाजी बाजार को सजाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## मासूम की हत्या करने वाली चाची को उम्रकैद अलीगढ़ में प्रेमी के साथ देखने पर ईट से कुचलकर की थी हत्या, प्रेमी को भी हुई आजीवन कैद



अतरौली में पांच वर्ष की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या की दोषी उसकी चाची व प्रेमी को दोषी करार देकर उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। यह फैसला एडीजे प्रथम संजीव कुमार सिंह की अदालत ने सुनाया है। सजा के साथ–साथ दोनों पर 1.5 लाख–1.5 लाख हजार रुपये अर्थदंड भी नियत किया है। जिसमें से आधी राशि बच्ची के पिता को देनी होगी। इस हत्या को बच्ची द्वारा चाची को प्रेमी संग आपत्ति. जनक अवस्था में देखने पर अंजाम दिया गया था। अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी रविकांत शर्मा के अनुसार ये घटना 26 अगस्त 2023 को हुई थी। गांव चौंडोला सुजानपुर के बंटी ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए कहा कि उनकी पांच वर्ष की बेटी कुमकुम सुबह दस बजे दरवाजे पर खेल रही थी। तभी गायब हो गई। मामले में काफी प्रयास के बाद पुलिस ने गांव के ही पड़ोसी केपी सिंह के मकान के सीसीटीवी से बच्ची को गायब होने से पहले चाची आरती संग जाते देखा गया। इस पर शुरुआत में जब आरती से पूछ. ताछ की गई तो वह पुलिस को बरगलाने लगी। मगर बाद में उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया तो वह टूट गई। क्योंकि शुरुआती जांच में महिला पर मोबाइल न होने की बात उजागर हुई थी। बाद में उसने स्वीकारा किया कि यह मोबाइल उसे गांव के भानुप्रकाश उर्फ कलुआ ने दिया है। वह उससे बात करती है। दोनों के बीच प्रेम संबंध हैं। बाद में कलुआ को हिरासत में लिया तो दोनों आमने सामने आने पर खुल गए। स्वीकारा कि महिला के पति के काम पर जाने के बाद कलुआ महिला के घर जाता था। घटना वाले दिन बच्ची ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उन्हें लगा कि यह अब सभी को बता देगी। बस इसी बात को छिपाने की गरज से बच्ची को घर के पीछे ले जाकर उसकी गला दबाकर व सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी। दोनों की निशानदेही पर भूसे में दबा बच्ची का शव, खून से सनी ईंट आदि बरामद किए गए। साथ में आखिरी बार सीसीटीवी में बच्ची महिला संग जाते कैद पाया जाना बतौर साक्ष्य लगाया गया। मामले में गिरफ्तारी के बाद आठ सितंबर को चा. र्जशीट दायर की गई और २३ दिसंबर को आरोप तय होकर ट्रायल शुरू हुआ। सत्र परीक्षण के दौरान दोनों आरोपी ने हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दायर की, जिस पर हाईकोर्ट ने दिन प्रतिदिन सुनवाई के आदेश दिए। इसी क्रम में अब साक्ष्यों व गवाही के आधार पर दोनों को दोषी करार देकर सजा सुनाई है।

## परिवार न्यायालय द्वारा कराया गया . आपसी सुलह समझौता

अलीगढ़ 23 अक्टूबर 2024 (सू0वि0)रू माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार अग्रवाल की अदालत में वादिया ने अपना भरण पोषण का वाद 11 मई 2022 को दायर किया। वादिया की उम्र लगभग 66 वर्ष है, थाना बन्ना देवी क्षेत्र की रहने वाली है। वादिया की शादी विपक्षी पति के साथ 30 नवम्बर 1976 को हुई। शादी में वादिया के पिता ने लगभग दो लाख रुपए खर्च किया था। वादिया व विपक्षी के संसर्ग से दो पुत्र पैदा हुए एक पुत्र नोएडा में नौकरी करता है जो विवाहित है और नोयडा में ही रहता है। एक पुत्र की मृत्यु 26 फरवरी 2022 को हो चुकी है। वादियां ने विपक्षी पति से 25000 रूपये प्रति माह भरण पोषण की मांग की है। वादिया को विपक्षी पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विपक्षि पति की उम्र लगभग 74 वर्ष है, थाना बन्ना देवी क्षेत्र की आई टी आई पुलिस चौकी क्षेत्र का निवासी है। विपक्षि पति उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग से दरोगा के पद से बदायूँ जिला से 2009 में सेवानिवृत्त हो चुका है। विपक्षी पति की मासिक पेंशन लगभग 45000 रुपए है। पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चतुर्थ श्रीमती ललिता गुप्ता की अदालत में प्रस्तुत हुई। कोर्ट से सम्मन जारी हुए विपक्षि पति पत्रावली पर सम्मन प्राप्त करने के बाद भी 11 मई 2022 से आज तक उपस्थित नहीं आ रहा है। न्यायालय के आदेशों का बराबर उल्लंघन कर रहा है 66 वर्षीय बृद्ध महिला भरण पोषण की मांग के लिए लगभग 4 वर्ष से चक्कर काट रही है। विपक्षी पति अपने अडियल रवैया पर अडा हुआ है और न्यायलय जान बूझकर नहीं आ रहा है। कोर्ट में उपस्थित के लिए 13 नवम्बर 2024 की तिथि नियत की है।माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार अग्रवाल की अदालत में वादिया ने भरण पोषण का वाद 25 नवम्बर 24 को दायर किया। वादिया की उम्र 24 वर्ष है, विपक्षि पति की उम्र 25 वर्ष है, दोनों थाना खैर क्षेत्र के निवासी हैं। शादी 8 मई 2021 को हुई है। दूसरा मामला वादिया ने भरण पोषण का वाद दायर किया वादिया की उम्र 23 वर्ष है। विजयगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी है विपक्षि पति की उम्र 27 वर्ष है थाना सासनी हाथरस का निवासी है शादी 12 मई 2023 को हुई है। वाद 21 फरवरी 2024 को दायर किया है। दोनों पत्रावली सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुई प्रथम पत्रावली परिवार न्यायालय चतुर्थ श्रीमती ललिता गुप्ता की अदालत में प्रस्तुत हुई। दूसरी पत्रावली अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम के यहां प्रस्तुत हुई दोनों पत्रावलियों में कई तारीख काउंसलिंग की गई काफी समझाया गया आज दोनों पक्षकार साथ–साथ रहने को राजी हुए और कोर्ट से ही पति–पत्नी हंसी–
खुशी विदा होकर साथ–साथ गए माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार अग्रवाल की अदालत में वादिया ने भरण पोषण का केस तथा विपक्षी पति ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना के लिए वाद प्रस्तुत किया विपक्षी पत्रावली पर उपस्थित आया। दूसरा मामला जिसमें वादी ने वैवाहिक संबंधों को पुनस्थापन करने के लिए धारा 9 हिंदू विवाह अधिनियम के तहत वाद प्रस्तुत किया विपक्षीय पत्नी पत्रावली पर हाजिर आयी दोनों पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चतुर्थ श्रीमती ललिता गुप्ता की अदालत में प्रस्तुत हुई। दोनों पत्रावली में कई तारीख काउंसलिंग की गई वादियां विपक्षी पति के साथ मय पुत्री के कोर्ट से ही

आज हंसी खुशी साथ–साथ चले गए तथा दूसरे मामले में वादी अपनी पत्नी के मायके में जाकर साथ रहेगा तथा कुछ दिन बाद वह साथ–साथ रहेना इंतजाम करेगा दो मामलों मेंपति–पत्नी साथ–साथ भेजे गए।

## होम्योपैथी के पितामह डॉ. पॉल नेत्रदान करा दो लोगों को जिंदगी दे गए

अलीगढ़ |देह दान कर्त्तव्य संस्था द्वारा 85 वां नेत्रदान अलीगढ़ में होम्योपैथिक के पितामह 92 वर्षीय जनकपुरी निवासी डॉ. बी.एन.पॉल द्वारा दो लोगों की जिंदगी रोशन करके हुआ। आपको बता दें कि संस्था के अध्यक्ष डॉ.एस.के.गौड़ ने उनके बेटे डॉ.एस.एस.पॉल से नेत्रदान हेतु सहमति ली |इसके बाद उन्होंने मैडिकल कॉलेज में नेत्र विभाग के मुहम्मद साबिर एसएलए को सूचित किया |उन्होंने अविलम्ब टीम ले जा कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक मानवीय कदम को अंजाम दिया |इस अवसर पर सचिव डॉ.जयंत शर्मा ने कहा कि अलीगढ़ ने एक महान हस्ती खो दी,जिसने अनेकों दिलों पर राज किया था। इतना ही नहीं वह जाते जाते दो लोगों की जिंदगी रोशन कर गए |डॉ.गौड़ ने कहा कि वह अनेक लोगों को जीवन देने वाले रहनुमा थे और उनके क्लिनिक पर अनेक लोग आकर कहते थे कि आज वह डॉ.पॉल द्वारा दी जिंदगी की बदोलत जीवित हैं साथ ही उन्होंने अनेक लोगों की प्राइवेट ही नहीं सरकारी नौकरियां भी लगवाई थीं। इस मौके पर यहां प्रो.ए.के.अमिताभ,प्रो.जिया सिद्दीकी, डॉ.मुहम्मद शाकिब,डॉ.पारस गुप्ता,डॉ. नित्या,रजत सक्सेना,अन्नू अग्रवाल,डॉ. आशा राठी,डॉ.डी.के.वर्मा,डॉ.आर.एस. गौड़,सीए.अनिल वार्ष्णेय,डॉ.मनीष जैन, डॉ.रजत सक्सैना,राकेश सक्सेना,डॉ. रविन्द्र सारस्वत,डॉ.पी.के.दास गुप्ता,डॉ. पी.के.शर्मा,डॉ.अशोक वशिष्ठ,डॉ.डी.के. सिंह,डॉ.योगेश गुप्ता,डॉ.विनीत गौड़,डॉ. सक्षम,डॉ.बी.बी.रॉय,सुनील,वीरेन्द्र और प्रेम पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



एएमयू के पूर्व छात्र की गला घोंटकर हत्या के मामले में दूसरे दिन भी स्वजन की ओर से कोई कोई तहरीर नहीं दी गई है। वहीं, पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। इसके लिए पूर्व छात्र के साथ रहने वाले लोगों के बयान लिए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। बिहार के कटिहार जिले के लगबा आबादपुर के अहमद हुसैन बद. रबाग में किराए पर अकेले रहते थे। रविवार देररात उनका शव मृत अवस्था में बिस्तर पर उल्टा पड़ा मिला था। सिर बिस्तर के किनारे जमीन की तरफ झुका था। गले में लोवर का नाड़ा कसा था। कमरे में रखा सामान सुरक्षित था। इसे देख पुलिस ने आत्महत्याकी आशंका जताई। स्वजन ने पोस्टमार्टम से भी मना कर दिया। लेकिन, पुलिस ने उन्हें समझाकर राजी किया। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या की बात सामने आई। इससे पुलिस भी हैरत में पड़ गई। चूंकि जिस कमरे में अहमद का शव मिला, उसमें लोहे का दरवाजा लगा था। इसके अलावा आने–जाने का कोई रास्ता नहीं था। पुलिस ने जंगले से पाइप डालकर अंदर से कुंदा खोला था। ऐसे में ये भी संभावना जताई जा रही है कि कहीं किसी ने घटना के बाद इसी रास्ते से दरवाजे का कुंदा तो नहीं लगा दिया। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# दिवाली के बाद शनि देव हो जाएंगे भयंकर शक्तिशाली, गलती की नहीं मिलेगी माफी

न्याय के देवता शनि देव अभी उल्टी चाल चल रहे हैं यानि की शनि अभी वक्री अवस्था में हैं. जल्द ही शनि देव अपनी स्वराशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं. दिवाली के 15 दिन बाद 15 नवंबर से शनि मार्गी होने जा रहे हैं. ज्योतिष के अनुसार शनि मार्गी होकर और बलवान होने वाले हैं. शनि की सीधी चाल से कुछ राशियों के जातकों की बदलेगी किस्मत तो कुछ की बिगड़ेगी किस्मत. शनि मार्गी होने से आपका जीवन तहस–नहस हो सकता है. शनि जब रुष्ट हो जाते हैं तो अपना रौद्र रुप धारण कर लेते हैं और फिर उनकी दृष्टि से कोई नहीं बच पाता है. जानतें हैं किन राशियों को शनि महाराज से रहना है सावधान.

शनि मार्गी होकर किन राशियों की बढ़ा देंगे मुश्किलें–

मीन राशि  मीन राशि के जातकों के लिए शनि मार्गी घातक साबित हो सकता है मीन राशि के जातकों पर शनि मार्गी का बुरा असर पड़ेगा. शनि मार्गी से आपका मन परेशान रहेगा  आप खुद को हर समय गहन चिंतन और सोच–विचार करते पाएंगे आपको किसी भी चीज में आसानी से सफलता नहीं मिलेगी आपको अपने पारिवारिक जीवन पर ध्यान देना चाहिए

मकर राशि मकर राशि के जातकों के लिए शनि मार्गी आपके जीवन में मुश्किलें बढ़ा देगाआपको अर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है आपके ससुराल पक्ष के कारण पति–पत्नी के बीच विवाद हो सकता है. अपने रिश्ते को बचाने के लिए आपको प्रयास करना चाहिए और एक दूसरे की बातों को समझना चाहिए

**कर्क राशि**

कर्क राशि के जातकों के लिए शनि मार्गी हानिकारक साबित होने वाला है आपका मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता




है आपको व्यक्तिगत जीवन में बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. घर पर बेफिजूल में किसी से भी बहस करने से बचें वरना आपके रिश्तों में दरार आ सकती है घर पर शांति रखने का प्रयास करने की जरूरत है

## रमा एकादशी को क्या हुआ था

रमा एकादशी 28 अक्टूबर 2024 को है. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सुख–सौभाग्य बढ़ता है. रमा एकादशी दिवाली से पहले आती है. ये पाप को पुण्य में बदलने वाली एकादशी है. यहां जानें रमा एकादशी की कथा–पौराणिक काल में मुचुकुंद नाम का राजा राज्य करता था. इन्द्र, वरुण, कुबेर, विभीषण आदि उसके मित्र थे. वह बड़ा सत्यवादी तथा विष्णुभक्त था. उसकी चन्द्रभागा नाम की एक कन्या थी, जिसका विवाह उसने राजा चन्द्रसेन के पुत्र सोभन से कर दिया.  वह राजा एकादशी का व्रत बड़े ही नियम से करता था और उसके राज्य में सभी क्रठोरता से इस नियम का पालन करते थे.एक बार की बात है कि सोभन अपनी ससुराल आया हुआ था. वह कार्तिक का महीना था. उसी मास में महापुण्यदायिनी रमा एकादशी आ गई. इस दिन सभी व्रत रखते थे. चन्द्रभागा ने सोचा कि मेरे पति तो बड़े कमजोर हृदय के हैं, वे एकादशी का व्रत कैसे करेंगे, जबकि पिता के यहां तो सभी को व्रत करने की आज्ञा है. चन्द्रभागा को जिस बात का डर था वही हुआ. राजा ने आदेश जारी किया कि सभी विधानपूर्वक एकादशी का व्रत करे.जब दशमी आई तब राज्य में ढिंढोरा पिटा, उसे सुनकर सोभन अपनी पत्नी के पास गया और बोला – श्हे प्रिय! तुम मुझे कुछ उपाय बतलाओ, क्योंकि मैं उपवास नहीं कर सकता, यदि मैं उपवास करूंगा तो अवश्य ही मर जाऊंगा. पति की बात सुन चन्द्रभागा ने कहा – श्हे स्वामी! मेरे पिता के राज्य में एकादशी के दिन कोई भी भोजन नहीं कर सकता. यहां तक कि हाथी, घोड़ा, ऊंट, पशु आदि भी तृण, अन्न, जल आदि ग्रहण नहीं करते, फिर भला मनुष्य कैसे भोजन कर सकते हैं?अगर आप उपवास नहीं कर सकते तो किसी दूसरे स्थान पर चले जाइए, क्योंकि यदि आप यहां रहेंगे तो आपको व्रत तो अवश्य ही करना पड़ेगा. पत्नी की बात सुन सोभन ने कहा – हे प्रिय, तुम्हारी राय उचित है,लेकिन मैं व्रत करने के डर से किसी दूसरे स्थान पर नहीं जाऊंगा, अब मैं व्रत अवश्य ही करूंगा, परिणाम चाहे कुछ भी क्यों न हो.सोभन ने भी एकादशी का व्रत किया और भूख और प्यास से अत्यंत व्याकुल होने लगा. पूरे दिन सूर्योदय होने से पूर्व ही भूख–प्यास के कारण सोभन के प्राण निकल गए. राजा ने अपनी पुत्री से कहा कि वह भगवान विष्णु की कृपा पर भरोसा रखे. चन्द्रभागा अपने पिता की आज्ञानुसार सती नहीं हुई. वह अपने पिता के घर रहकर एकादशी के व्रत करने लगी.उधर शोभन ने रमा एकादशी व्रत के प्रभाव से मंदराचल पर्वत के शिखर पर एक उत्तम देवनगर प्राप्त किया। वहां ऐश्वर्य के समस्त साधन उपलब्ध थे. गंधर्वगण उसकी स्तुति करते थे और अप्सराएं उसकी सेवा में लगी रहती थीं. एक दिन जब राजा मुचुकुंद मंदराचल पर्वत पर आए तो उन्होंने अपने दामाद का वैभव देखा.वापस अपनी नगरी आकर उसने चंद्रभागा को पूरा हाल सुनाया तो वह अत्यंत प्रसन्न हुई. वह अपने पति के पास चली गई और अपनी भक्ति और रमा एकादशी के प्रभाव से शोभन के साथ सुखपूर्वक रहने लगी.

## गुरू पुष्य नक्षत्र पर कल 5 शुभ संयोग, इस मुहूर्त में खरीदारी करना होगा शुभ

सभी जगह दिपावली की तैयारी घरों सहित बाजारों में शुरू हो चुकी है. 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य योग रहेगा, जिनमें प्रॉपर्टी  ज्वैलरी , गाड़ियों (टमीपबसम) से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान तक खरी. दना शुभ होगा. इस दिन अहोई अष्टमी व्रत भी रखा जायेगा.दीपावली पर्व के अवसर पर नया सामान खरीदने की परम्परा है, 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य योग है. इसमें खरीदारी करना अत्यंत शुभ माना जाता है. गाड़ी, स्वर्ण, चांदी, वस्त्रत्, बर्तन की खरीदारी शुभ रहेगा. इस दिन अहोई अष्टमी का व्रत का संयोग भी बन रहा है.गुरु पुष्य नक्षत्र 2024 खरीदारी मुहूर्त पंचांग के अनुसार 24 अक्टूबर सुबह 11रू38 बजे से 25 अक्टूबर दोपहर 12रू35 बजे तक पुष्य नक्षत्र का योग रहेगा. पुष्य नक्षत्र शनि प्रधान है, लेकिन इसकी प्रकृति गुरु जैसी होती है. इस दिन स्वर्ण आभूषण, हीरा, देव प्रतिमा, भूमि–भवन, वाहन, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन खरीदना चाहिए. पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि होने से स्थायी संपत्ति की खरीदी यानी भूमि, भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान विशेष फलदायी माने जाते हैं.आप गुरुवार 24 अक्टूबर को सुबह 11रू45 से खरीदारी शुरू कर सकते हैं और अगले दिन भी दोपहर तक खरीदारी करना शुभ माना जाएगा, हालांकि अगर आप जमीन या किसी भी तरह की अचल संपत्ति खरी. दना चाहते हैं तो, उसके लिए गुरुवार का दिन ही ज्यादा शुभ माना जाएगा.गुरु पुष्य नक्षत्र समेत 5 शुभ संयोग इस साल की गुरु पुष्य नक्षत्र के दिन कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं. इन 5 शुभ संयोगों के कारण खरीदारी शुभ फलदायी और महत्वपूर्ण है.साध्य योगरू प्रातरूकाल से लेकर अगले दिन सुबह 05रू23 बजे तकगुरु पुष्य योगरू पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योगरू पूरे दिन अमृत सिद्धि योगरू पूरे दिन पुष्य नक्षत्र पूर्ण रात्रि तक गुरु पुष्य योग का महत्व दीपावली से 7 दिन पहले 24 अक्तूबर को गुरुवार के दिन यह नक्षत्र रहेगा. जब भी गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र होता है तो इसे गुरु पुष्य की संज्ञा दी जाती है.इस दिन सोना–चांदी और अचल संपत्ति खरीदने से बहुत लाभ मिलता है. माना जाता है कि, इस नक्षत्र में आप जो भी चीज खरीदते हैं वो बरकत देती है. उससे आपके जीवन में सुख–समृद्धि आती है और पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहता है.पुष्य नक्षत्र में इनकी खरीदी स्थायी लाभअचल संपत्ति – मकान, प्लॉट, फ्लैट, कृषि भूमि और व्यावसायिक संपत्ति।चल संपत्ति – आभूषणों में सोना, चांदी, हीरा, प्लेटिनम के आभूषण ऑटोमोबाइल (चार पहिया वाहन, दोपहिया वाहन),इलेक्ट्रिक दोपहिया–चार पहिया वाहनइलेक्ट्रॉनिक सामान में फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप, माइक्रोवेव ओवन आदि।लक्ष्मी–नारायण की पूजा से समृद्धिगुरु पुष्य योग में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व माना गया है. इस दिन माता लक्ष्मी को खीर, दूध से बनी मिठाई और भगवान विष्णु को तुलसी दल, पंचामृत, गुड़ आदि







का भोग लगाने का विधान है. कनकधारा स्तोत्र का पाठ करना चाहिए.

लक्ष्मी–नारायण की कृपा से धन–संपत्ति में बढ़ोत्तरी होती है.बृहस्पति और शनि देव की बरसेगी कृपावहीं, गुरु पुष्य योग को आभूषण, गाड़ी, भूमि, भवन, गृह सामग्री फ्रिज, टीवी आदि खरीदना शुभ साबित होगी. अपने पसंदीदा सामान की इस दौरान खरीदारी कर घरों में खुशियां ला सकते हैं. शनि को काल पुरुष की ऊर्जा और पुरुषार्थ की प्रेरणा का कारक माना जाता है, बृहस्पति को आध्यात्म, शिक्षा, ज्ञान और त्याग का कारक बताया गया है. पुष्य नक्षत्र के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी है. ऐसे में हर प्रकार के कार्य सिद्ध माने गए हैं. इसलिए सुख–सुविधा को देखते हुए खरीदी करने की मान्यता है.**नक्षत्रों का राजा है पुष्य नक्षत्र** कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर गुरुवार होने से यह 'गुरु पुष्य' नक्षत्र कहलाएगा. धन की देवी महालक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है. गुरु पुष्य नक्षत्र को 27 नक्षत्रों के समूह में राजा कहा जाता है. ज्योतिष गणना में पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि और उप स्वामी बृहस्पति है.

## परिवार में मृत्यु हो तो क्या दिवाली मना सकते हैं?

दिवाली का पर्व हर साल कार्तिक अमावस्या के दिन मनाया जाता है. यह हिंदू धर्म का खास पर्व है, जिसे युगों–युगों से मनाया जाता है. दीवाली दीप, प्रकाश और खुशियों का त्योहार है. लेकिन यह जान लेना चाहिए कि किन परिस्थितियों में आपको दिवाली का पर्व नहीं मनाना चाहिए.कई लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि क्या परिवार में मृत्यु होने के बाद दिवाली का पर्व मनाया जा सकता है या नहीं. तो आपको बता दें कि हमारे धर्म शास्त्रों में जन्म से लेकर मृत्यु तक के नियम बताए गए हैं और विभिन्न परिस्थिति के अनुसार में हमें इन्हीं नियमों का पालन करना चाहिए. इन नियमों का पालन करने से घर–परिवार समस्याओं से मुक्त रहता है.

**परिवार में मृत्यु हो तो क्या दिवाली मना सकते हैं?** धार्मिक दृष्टिकोण से दिवाली के दिन परिवार में मृत्यु हो जाए तो उस दिन त्योहार नहीं मनाया जाता है.

क्योंकि इस समय पूजा–पाठ जैसे काम वर्जित होते हैं. क्योंकि इस दौरान सूतक की अवधि होती है जोकि 10 दिन से लेकर एक महीने की होती है. सूतक का पालन करते हुए परिवार को त्योहार नहीं मनाना चाहिए और मृतक की आत्मा की शांति के लिए परिवार को एक साथ प्रार्थना करनी चाहिए.वहीं दिवाली के दिन मृत्यु होने पर कई परिवार सालों तक इस त्योहार को नहीं मनाते हैं.

क्योंकि मान्यता है कि अगर किसी पर्व में घर के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाए तो उस त्योहार को खोटा माना जाता है. आम मान्यता के अनुसार जिस दिन या जिस साल दिवाली पर परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हुई तो उन्हें दिवाली नहीं मनानी चाहिए. लेकिन कहा जाता है कि उसी दिन अगर परिवार में किसी नवजात का जन्म हो जाए या नववधू का आगमन हो तो फिर से त्योहार मनाया जा सकता है

## 1100 साल पुराने शिव मंदिर का रहस्य, यहां गाय के थन से निकलता था अपने आप दूध,

बागपतः यूपी में बागपत के पाबला गांव में  एक प्राचीन 1100 साल पुराना शिव मंदिर है. इस मंदिर की स्थापना ग्रामीणों द्वारा कराई गई थी. यहां एक चमत्कारी पत्थर जमीन के अंदर से निकला था, जिसके बाद ग्रामीणों ने यहां पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया. यहां मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मन्नत जरूर पूरी होती है.यहां देश के प्रत्येक कोने से व्यक्ति पहुंचते हैं. मंदिर कमेटी के सदस्य ने बतायामंदिर कमेटी के सदस्य स्वराज सिंह ने बताया कि पाबला गांव में बाबा बैद्यनाथ पवित्र धाम 1100 साल पूर्व स्थापित हुआ था. इस गांव की स्थापना भी तभी हुई थी. यह गांव बागपत के मुख्य शहर से यहां आकर बसा था. उस समय यहां काफी जंगल हुआ करता था, जिनमें एक गाय प्रतिदिन जाकर खड़ी होती थी और उसका दूध निकलना प्रारंभ हो जाता था. देश के कोने–कोने से पहुंचते है शिव भक्तइस मंदिर में देश के प्रत्येक कोने से शिव भक्त पहुंचते हैं. शिव भक्त ग्रामीणों ने जब वहां पहुंच कर देखा, तो वहां एक पत्थर जमीन से निकला था. कुछ अन्य गांव के लोगों ने उसे ले जाने का प्रयास किया, लेकिन पत्थर को नहीं हिला सके. इस चमत्कारी पत्थर को देखने के बाद ग्रामीणों ने यहां पर भगवान शिव के भव्य मंदिर का निर्माण कराया.



मंदिर में होती है भग. वान शिव की पूजा वहीं, बागपत के पाबला गांव में स्थित इस मंदिर पर देश के प्रत्येक कोने से लोग पहुंचते हैं और भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं. भगवान शिव की यहां आराधना करने से हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है. ऐसे में मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालु हमेशा पहुंचते हैं.

## झूठ बोलने वालों को नरक में भी नहीं मिलता है चैन, गरूड़ पुराण की बात जान आपकी रूह कांप जाएगी

आप अपने जीवन में अच्छे–बुरे जो भी कर्म कर रहे हैं सबका हिसाब रखा जा रहा है और मरने के बाद इसका फल जरूर मिलता है. ये बात गरुड़ पुराण में बताई गई है. गरुड़ पुराण हिंदू धर्म ग्रंथ के 18 महापुराणों में एक, जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु, स्वर्ग, नरक, यमलोक, पुनर्जन्म, अधोगति आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है.गरुड़ पुराण में बताया गया है कि मृत्यु के बाद बुरे कर्म करने वालों की आत्मा सीधे नरक में पहुंचती है और यहां उन्हें ऐसा दंड दिया जाता है, जिसे सुनकर ही आपकी रूह कांप जाएगी. गरुड़ पुराण में मुख्यतरू 16 नरक के बारे में बताया गया है. इन 16 नरक में पाप के अनुसार सजा भी मिलती है.गरुड़ पुराण में बताया जब किसी की मौत होती है तो यमदूत उसकी आत्मा को यमराज के दरबार ले जाते हैं और चित्रगुप्त उसके कर्मों का लेखा–जोखा पेश करता है. इसके बात कर्मों के अनुसार तय किया जाता है कि उसकी सजा क्या होगी. इसलिए जीवनकाल में अच्छे कर्म करने से साथ ही हमेशा सच बोलना चाहिए और कभी




किसी का अहित नहीं करना चाहिए.झूठ बोलने वालों को मिलती है ऐसी सजाझूठ बोलने वालों के लिए नरक में अलग से सजा का प्रावधान है. झूठ बोलकर आप कई बार बच गए होंगे, लेकिन ऐसा बिल्कुल न सोचे कि आप हमेशा के लिए बच गए बल्कि यमराज के दरबार में इसका पूरा हिसाब लिया जाएगा.इस नरक में जाते हैं झूठ बोने वाले यमराज के दरबार में झूठ बोलने वालों को भी नहीं बख्शा जाता है और दंडित किया जाता है. जो लोग झूठ बोलते हैं उन्हें तप्तकुंभ नरक में भेजा है. कहा जाता है कि इस नरक में चारों ओर आग जलती है और गर्म घड़े होते हैं, जिसमें गर्म तेल और लोहे का  चूर्ण होता है. पापी आत्माओं को यमदूत इसी गर्म घड़े में मुंह के बल डालते हैं.

## तेरस तो हर महीने आती है, फिर धनतेरस पर ही क्यों होती है लक्ष्मी जी की पूजा?

हर महीने की त्रयोदशी तिथि पर शिव पूजा का विधान है लेकिन कार्तिक माह में धनत्रयोदशी पर मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है, क्यों होती है धनतेरस पर लक्ष्मी पूजा.त्रयोदशी यानी तेरस हर महीने में दो बार आती है, कृष्ण और शुक्ल पक्ष के त्रयोदशी तिथि को तेरस कहा जाता है. त्रयोदशी तिथि के स्वामी भगवान शिव है. हर महीने इस दिन प्रदोष व्रत किया जाता है लेकिन कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है. इसे धनतेरस के नाम से जाना जाता है. आखिर क्यों होती है धनतेरस पर मां लक्ष्मी की पूजा यहां जानें.कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का आरंभ – 29 अक्टूबर सुबह 10रू 31कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि का समापन – 30 अक्टूबर, दोपहर 01रू15 धनतेरस के दिन लक्ष्मी पूजा प्रदोष काल में की जाती है, साथ ही इस दिन शाम को ही यम के नाम दीप जलाते हैं, इसलिए इस बार धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 को मनाई जाएगीपौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान विष्णु मृत्युलोक अर्थात पृथ्वी की ओर आ रहे थे. तभी माता लक्ष्मी ने उनके साथ चलने का आग्रह किया. भगवान विष्णु ने कहा कि अगर आप मेरा कहना मांगे तो आप मेरे साथ चल सकती हैं. इसे मानने के बाद ही वह पृथ्वी लोक पर आ गई थीं.कुछ देर बार एक जगह पर पहुंचकर भगवान विष्णु ने लक्ष्मीजी से कहा कि जब तक मैं ना आ जाऊं, आप यहीं रहना. ऐसा कहने के बाद भगवान विष्णु दक्षिण दिशा की तरफ चले गए. माता लक्ष्मी के मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर दक्षिण दिशा की तरफ ऐसा क्या है. श्रीहरि ने दिया माता लक्ष्मी को श्राप लक्ष्मीजी से रहा नहीं गया और वह भगवान विष्णु के पीछे–पीछे चल दीं। आगे जाकर माता को सरसों के खेत दिखे, जहां उन्होंने सरसों के फूल से श्रृंगार किया और आगे जाकर गन्ने के खेत में गन्ना तोड़कर उसका रस पीने लगीं. उसी वक्त भगवान विष्णु भी आ गए और माता लक्ष्मी को देखकर नाराज हो गए. नाराज विष्णुजी ने माता लक्ष्मी को शाप दिया मैंने आपको मना किया था, लेकिन तब भी आप गईं. इस अपराध के जुर्म में आपको किसान के यहां 12 वर्ष तक रहकर सेवा करनी होगी. ऐसा कहकर भगवान विष्णु क्षीर सागर चले गए. तब लक्ष्मीजी किसान के घर रहने लग गईं. ऐसे शुरू हुई धनतेरस पर मां लक्ष्मी की पूजालक्ष्मीजी के रहने से किसान का घर धन–धान्य से भर गय.  12 वर्ष बाद जब प्रभु वापस आए तो किसान ने उन्हें जानसे मना कर दिया. तब माता लक्ष्मी ने किसान से कहा कि धनतेरस के दिन घर की साफ–सफाई करते रात में घी का दीपक जलाओ और तांबे के कलश में रुपए रखकर शाम को मेरी पूजा करो. ऐसा करने पर मैं साल भर तुम्हारे घर पर वास करूंगी. मान्यता है कि तब से धनतेरस के दिन धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा शुरू हुई.धनतेरस को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है.धन अर्थात संपत्ति, पैसा और श्तेरसश का मतलब है तेरहवीं तिथि. ये योहार धन से जुड़ा है और मां लक्ष्मी को धन की देवी माना गया है, इसलिए धनतेरस पर लक्ष्मी पूजन किया जाता है.धनतेरस पर क्यों खरीदते हैं सोना धनतेरस पर लोग अपने घरों की साफ–सफाई करके उन्हें सजाते हैं,ताकि लक्ष्मी माता का वास हो सके. इस दिन विशेष रूप से सोने, चांदी, बर्तन या अन्य धातुओं से बनी वस्तुओं को खरीदना शुभ माना जाता है.मान्यता है धनतेरस सोना और चांदी खरीदने से लक्ष्मी जी का आशीर्वाद मिलता है. कहते है सोना में मां लक्ष्मी का वास होता है, इसे पहनने से श्री अर्थात लक्ष्मी की प्राप्ति होती है. समृद्धि में वृद्धि होती है. धनतेरस पर खरीदारी करने को लेकर यह मान्यता है कि जो वस्तुएं इस दिन खरीदी जाती हैं, वे आने वाले समय में घर में स्थायी रूप से समृद्धि और शांति बनाए रखती हैं.

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक मुद्रक प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस अचलताल अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5 अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।